



एक नजर में



### फाग गायन में विजेता टीमों को किया पुरस्कृत

**बुधनी.** ग्राम जोशीपुर में फाग गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें पारंपरिक राई नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा. देर रात तक चले इस सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के कई गांवों की टीमों ने भाग लेकर होली के पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति दी. रातभर चली प्रतियोगिता के बाद सुबह विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, सरपंच शिशुपाल सिंह ठाकुर तथा नर्मदापुरम नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, राजेश पाल, ब्लॉक अध्यक्ष सोनू राजपूत, लेखराम यादव, मांगीलाल यादव, भानुप्रताप, पन्नालाल, भागीरथ, श्रीराम यादव, सुदामा, महेश, विनोद, मुन्ना यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे.





### नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रचार रथ रवाना

**आष्टा.** 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार एवं नागरिकों को जागरूक करने प्रचार वाहनों को तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष, जिला न्यायाधीश विजय डांगी, नदीम जावेद खान, ऋचा जैन, ऋचा शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. लोक अदालत में लंबित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत चोरी, वैवाहिक विवाद के भूमि अधिग्रहण के और सभी प्रकार के सिविल व भूमि विवाद के प्रकरणों में राजीनामा के आधार निराकरण किए जाएंगे. नपा एवं विद्युत प्रकरण के अंतर्गत जल कर, संपत्ति कर में छूट प्रदान की जाएगी. इस मौके पर विद्युत विभाग से रमेश सिंह, स्टेट बैंक से वीरेन्द्र परसाई, सूरज कुमार, सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति सहित अधिवक्ता उपस्थित थे.



### अमृत मित्र महोत्सव में भाग लेने महिलाएं दिल्ली रवाना

**आष्टा.** शासन की अमृत मित्र महोत्सव योजना के तहत नपा की स्वसहायता समूह की महिलाओं को नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने स्वागत कर रवाना किया. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि अमृत मित्र महोत्सव योजना के तहत जानकारियों को गंभीरतापूर्वक समझें और उसके अनुरूप ही स्वसहायता समूह की सदस्याओं को लाभान्वित करें. इस पहल का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को अमृत मित्र के रूप में जल प्रबंधन के कार्यों से जोड़ना है. इस मौके पर महेन्द्र पोसवाल, पार्वती शर्मा, पूरण मेवाड़ा, मनीष किल्लौदिया आदि मौजूद थे.



### शिविर में 22 दिव्यांग बच्चों का किया चयन

**बुधनी.** जिले के शून्य से 18 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान करने और पात्रतानुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्नति आजीविका सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया. शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग की गई और कुल 22 दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन किया गया.




### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**सीहोर.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने एनआरएलएम के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय उत्पादक समूहों तथा सीएलएफ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समूहों के कार्यों की समीक्षा की व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया. श्रीमती यादव ने बताया कि समूहों के बिजनेस प्लान के अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती हैसमूहों के व्यवसाय को विकसित करने के उद्देश्य से मार्केट वेंडर मॉडल की भी जानकारी दी गई तथा जिले में समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति साझा की गई. बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 34 उत्पादक समूहों के बिजनेस प्लान राज्य स्तर पर स्वीकृत हो चुके हैं. इन समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों से करीब 60 लाख रुपए का टर्नओवर अर्जित किया गया है. समीक्षा के दौरान सीईओ श्रीमती यादव ने आजीविका मिशन के अधिकारियों को निष्क्रिय समूहों को सक्रिय करने, विभिन्न समूहों के बैंक बचत खाते खुलवाने तथा चक्रीय निधि से वंचित पात्र समूहों को राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

# जिस जमीन के लिए अपनों का खून बहाया, वह भी गंवाई

## हाल ही में धरमपुरी गांव में वन भूमि के विवाद में अपने छोटे भाई के दो बच्चों की नृशंस हत्या के आरोपी का अतिक्रमण हटाया

- वन विभाग के अमले ने धर्मपुरी गांव में की प्रभावी कार्रवाई
- मकान तोड़ा और वन भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 मार्च. जिस अवैध जमीन के लिए आरोपी ने अपने ही सगे छोटे भाई के मासूम बच्चों का खून बहाया, उनकी नृशंस हत्या करते हुए खून के रिश्तों को कलंकित किया. वही जमीन पर उसका अवैध कब्जा बरकरार नहीं रह सका. वन विभाग की टीम ने बुधवार को प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध वन भूमि में बने मकान के अलावा 3. 67 हैक्टेयर भूमि को भी उसके कब्जे से आजाद कराया है.**

जिले के आष्टा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम धरमपुरी बीट में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया. विभाग की टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणाधीन मकान को ध्वस्त किया और करीब 3.67 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया. यह कार्रवाई दो बच्चों की हत्या के मामले में आरोपी रहे हरिसिंह मालवीय द्वारा किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ की गई.



**आष्टा.** वन विभाग के अमले ने बुधवार को धर्मपुरी गांव में कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी के कब्जे से वनभूमि को मुक्त कराया गया.

वन विभाग के अनुसार आरोपी हरिसिंह मालवीय ने वन भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा था और वहां निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया था. मामले की जानकारी मिलने के बाद विभाग ने जांच की, जिसमें अतिक्रमण की पुष्टि हुई. इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई.

बुधवार को रेंजर नवनीत झा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम धरमपुरी पहुंची और बुलडोजर की मदद से निर्माणाधीन मकान सहित अन्य अवैध कब्जों को हटाया गया. कार्रवाई के दौरान स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए सिद्धिगंज थाना पुलिस का बल भी मौके पर तैनात रहा. पुलिस की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो. इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक सिद्धिगंज एवं परिक्षेत्र रोलागांव का वन अमला भी मौजूद रहा. कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक शैलेश सिंह, कुमेर सिंह, वनरक्षक हुकुम परमार, राहुल परमार, जितेंद्र ठाकुर, हरिओम, दीपेश राठौर, बहादुर सिंह और राजेश सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई.

गौरतलब है कि ग्राम धरमपुरी में हाल ही में भाई-बहन की दोहरी हत्या की घटना के बाद क्षेत्र में काफी चर्चा रही थी। इस मामले में आरोपी हरिसिंह मालवीय के खिलाफ पुलिस पहले ही कार्रवाई कर चुकी है। इसी दौरान वन विभाग की जांच में सामने आया कि आरोपी ने वन भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण शुरू कर दिया था. वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. भविष्य में भी इस तरह के मामलों की लगातार निगरानी की जाएगी और जहां भी अतिक्रमण पाया जाएगा, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अतिक्रमण करने वालों के बीच हड़कंप का माहौल बना हुआ है.



### धरना प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग

**आष्टा.** धरमपुरी में दो मासूम भाई-बहन की जघन्य हत्या के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है. घटना के विरोध में सर्व समाज के लोगों ने भोपाल नाकापर धरना-प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई.लोगों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा. लोगों ने थाना प्रभारी राजू बघेल को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की. साथ ही आरोपियों को फांसी की सजा देने, पीड़ित परिवार को दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराने की मांग की गई. इसके अलावा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की भी मांग रखी गई ताकि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिल सके. प्रदर्शन के बाद लोगों ने नितिन टाले को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान, सरपंच कृपालसिंह मालवीय, संजय अम्बेडकरवादी, देवकरण कुरल, गब्बर मालवीय, सुरेंद्र बाजखेड़ी, अखिलेश परमार, आनंद जाट, सागर सिंदल, सुनील जामलिया, राकेश जामलिया, लखन परमार, आनंद धावरी, विजेंद्र पेरवाल, अर्जुन पेरवाल, मुकेश मालवीय आदि उपस्थित रहे.

## मोबाइल चलाने से रोका तो बेटी ने घर छोड़ा

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 11 मार्च.** मां ने अपनी बेटी को ज्यादा मोबाईल चलाने को लेकर डांट दिया. जिससे नाराज होकर नाबालिग बेटी बिना बताए घर छोड़कर चली गई. जिसे पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों को सौंपा.

जानकारी के अनुसार बीती रात फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी. एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक पूजा सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की. रात्रि गश्त के दौरान प्रधान आरक्षक लोकेश रघुवंशी को सुहानी पैलेस के पास



नाबालिग बालिका मिली. पूछताछ में बालिका ने बताया कि उसकी मां द्वारा मोबाईल फोन के अधिक उपयोग को लेकर मोबाईल ले लेने पर वह नाराज होकर घर छोड़कर चली गई थी. पुलिस ने बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया. साथ ही महिला उपनिरीक्षक पूजा राजपूत द्वारा बालिका की काउंसलिंग कर उसे भविष्य में इस तरह घर न छोड़ने की समझाइश दी गई. इस कार्रवाई में पूजा राजपूत, लोकेश रघुवंशी, सतेंद्र, मुकेश, विश्वास की भूमिका रही.

## पंजीयन का होगा शत-प्रतिशत सत्यापन

**सीहोर.** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए सिकमी, बटाईदार किसानों के पंजीयन का सत्यापन अनिवार्य किया गया है. कलेक्टर बालागुरू के द्वारा इस संबंध में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार-नायब तहसीलदार, उपायुक्त सहकारिता तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को निर्देश जारी किए गए हैं. कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सिकमी, बटाईदार श्रेणी में पंजीकृत किसानों का सत्यापन राजस्व अमले द्वारा किया जाए. यदि अनुबंध अपलोड न किया गया हो, गलत दस्तावेज अपलोड किए गए हों या दस्तावेज अपूर्ण, अस्पष्ट हों तो संबंधित पंजीयन केंद्र के कंप्यूटर ऑपरेटर तथा सत्यापन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

# अचानक भड़की आग से फसल स्वाहा



- गर्मी बढ़ते ही खेतों में पकी फसलों पर मंडराया खतरा
- दमकलकर्मियों ने लोगों के सहयोग से बुझाई आग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 मार्च.** जिले में गर्मी का पारा बढ़ने के साथ ही खेतों में खड़ी फसलों पर आग का खतरा भी बढ़ने लगा है. ताजा मामला झागरिया रोड क्षेत्र का सामने आया है, जहां मंगलवार को एक खेत में अचानक भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे खेत में फैल गई. आग की चपेट में आकर खड़ी फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ है.

खेत से धुआं और आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए. फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने बाल्टियों, पानी के पाइप और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. समय रहते आग बुझा लिए जाने से अन्य खेतों को इसकी चपेट में आने से बचा लिया गया. आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि शुरुआती आशंका लापरवाही या किसी चिंगारी से आग भड़कने की जताई जा रही है.

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सीहोर.** बुधवार दोपहर को कोतवाली थाना अन्तर्गत पीपलिया मीरा रोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी. जिसमें एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई. वहीं दो युवक गंभीर घायल हो गए. जिनका उपचार जारी है. ग्राम बमूलिया निवासी लालसिंह ठाकुर के पुत्र विजय ठाकुर अपने मित्रों अनुज मालवीय व अर्जुन मालवीय के साथ बाइक से सीहोर आ रहे थे. तभी पीपलिया रोड़ पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें विजय पिता लालसिंह ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं अनुज व अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने मर्ग कायम कर चालक की तलाश शुरू कर दी है.

# बेटी के हाथ पीले करने कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं : राय



- जिला मुख्यालय पर एक मंडप के नीचे हुए विवाह एवं निकाह
- विधायक राय ने वर वधुओं को भेंट की भागवत गीता

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 मार्च.** बुधवार को 123 बेटियां ने जहां वैदिक मंत्रों के साथ अग्नि के सात फेरे लेकर विवाह स्वीकार किया तो वहीं 76 बेटियों ने कुरान पाक की आयतों के साथ निकाह कुबूल किया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वर-वधुओं को आशिर्वाद दिया. विवाह और निकाह सम्मेलन पं. महादेव शर्मा एवं शहर काजी युसूब अंसारी द्वारा धार्मिक रितीरिवाजों के साथ संपन्न कराया गया. मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह योजना के तहत वर वधुओं को 49 हजार रुपए के चैक प्रदान किए गए. कार्यक्रम में भोजन वितरण के उपरांत वर-वधुओं को विदाई दी गई. विधायक सुदेश राय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा निर्धन परिवारों की कन्याओं के लिए सामुहिक विवाह सम्मेलनों का शुभारंभ किया गया था. इस योजना से लाखों कन्याओं के हाथ पीले हो चुके हैं. योजना का लाभ सभी वर्ग की बेटियों को मिल रहा है. अब किसी को भी बेटी के विवाह के लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने पुत्र का विवाह भी मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन में कर समाज को संदेश दिया था. विवाह के बाद भी नवविवाहित वर-वधुओं को भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा.

कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत द्वारा सम्मेलन स्थल पर हिंदू मुस्लिम वर-वधुओं के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई.

विधायक सुदेश राय और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वर-वधुओं को श्रीमदभागवत गीता पुस्तक देकर विवाह की बधाई शुभकामनाएं दी. तत्पश्चात मुस्लिम पंडाल में निकाह की मुबारकबाद भी दी गई. इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री प्रीति सोनी, नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत, सीएमओ सुधीर कुमार, सामाजिक न्याय विभाग जिला अधिकारी महेश यादव एवं पार्षदों के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन अंतर्गत शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि के चैक वर-वधुओं को प्रदान किए गए.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. उन्होंने भाजपा की योजनाओं से समाज के गरीब तबके को होने वाले लाभों की जानकारी दी.

**आशंका** | पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को लंबा खिंचता देख सरकार ने बुकिंग नियमों में किया बदलाव तो उपभोक्ताओं को हुई आशंका

# गैस ऐजेंसियों पर खाली सिलेंडर लेकर पहुंच रहे उपभोक्ता

नवभारत न्यूज

**बुधनी 11 मार्च.** एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर सरकार द्वारा जारी नए आदेश के बाद नगर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है. लोग गैस सिलेंडर भरवाने के लिए एजेंसियों के बाहर बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, वहीं सड़कों पर डिलीवरी वाहनों के पास भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है.

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के बीच न्यूनतम अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है. साथ ही गैर-आवश्यक प्रतिष्ठानों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई है. इस आदेश के बाद कई स्थानों पर पैनिक बुकिंग की स्थिति बन गई है. नतीजतन गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही है.

नगर में संचालित राजपूत एचपी गैस एजेंसी के संचालक मंजीत सिंह राजपूत ने बताया कि क्षेत्र में करीब 11 हजार घरेलू एलपीजी कनेक्शन और लगभग 200 कमर्शियल कनेक्शन वितरित किए गए हैं. वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने गैस सिलेंडर वितरण के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं, जिसके कारण लोगों में अनावश्यक घबराहट देखी जा रही है. उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन करें और घबराने की आवश्यकता नहीं है, गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं. इधर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति रुकने से नगर के छोटे होटल और ढाबा संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

होटल व्यवसायी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि अभी तक उनका व्यवसाय कमर्शियल गैस सिलेंडर के सहारे चल रहा था, लेकिन नए आदेश के बाद अब कोयला और लकड़ी की भट्टियों का सहारा लेना पड़ सकता है. वहीं नगर के बृजवासी ढाबा संचालक भूपेंद्र यादव ने बताया कि पिछले तीन दिनों से उनके यहां कमर्शियल




गैस सिलेंडर खत्म हो गया है. एजेंसी में संपर्क करने के बावजूद अभी तक सिलेंडर नहीं मिल सका है. उन्होंने बताया कि होटल में प्रतिमाह करीब 15 कमर्शियल गैस सिलेंडर की खपत होती है और प्रतिदिन लगभग 25 से 30 हजार रुपए की आमदनी होती थी. गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से न केवल व्यवसाय प्रभावित हुआ है, बल्कि होटल से जुड़े करीब 15 श्रमिक परिवारों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है.

## 182 बालिकाओं को लगाई वैक्सीन

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है. सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि स्वास्थ्य संस्थाओं में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है. बुधवार को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 182 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई. उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है. इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है.